52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.5 °c
अधिकतम 26.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:51 सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 326 सोमवार, 25 नवम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

नाकामयाबी की सोच रखने से बेहतर है कि आप कोशिश करें और फिर नाकामयाब हो जायें, कम से कम आपको उस चीज का पछतावा तो नहीं रहेगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

ईवीएम से भी बेईमानी होने लगी, अब कभी उपचुनाव नहीं लड़ेंगे : मायावती



ऐसे भाव ही मनुष्य को सन्यास की ओर ले जाते हैं......

# हार-जीत के बाद भी नहीं थमा शिकायतों का दौर

## सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मुजफ्फरनगर के आठ इंस्पेक्टर सहित दस पुलिसकर्मियों की आयोग को की शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** मतदान से पूर्व मुजफ्फरनगर जनपद में विपक्ष द्वारा आरोपों का दौर शुरू हो गया था। आरोपों के इस दौर में मतगणना के बाद भी कोई कमी नहीं आई। मीरापुर उप चुनाव की गूंज पूरे देश में तब सुनाई दी, जब ककरौली के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने पुलिस कर्मियों पर पथराव होता देख आत्मरक्षा में पिस्टल लहरा दिया था। पिस्टल से एक भी गोली नहीं चली, मगर इसकी गूंज पूरे देश में होती दिखाई दी।

विपक्ष ने मतगणना होने से पूर्व जमकर शिकायतबाजी का शोर और दौर चलाये, बावजूद इसके चुनाव आयोग ने इस पर मतगणना समाप्त होने तक कोई संज्ञान नहीं लिया था। मतगणना के बाद सपा की प्रत्याशी सुम्बुल राणा की 30 हजार से अधिक मतों से हार हुई। हार को स्वीकार करते हुए सुम्बुल राणा तीसरे राउंड की गणना के दौरान ही घर वापस लौट गई, क्योंकि किसी भी राउंड में सुम्बुल राणा आगे नहीं पहुंची तो उन्होंने मन ही मन हार स्वीकार कर ली। मगर उक्त हार सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अभी स्वीकार नहीं की। उन्होंने जिला प्रशासन को रिपोर्ट के लिए पत्र जारी किया। पत्र में उन्होंने चुनाव आयोग में शिकायत करते हुए कहा कि आठ इंस्पेक्टर सहित दस पुलिसकर्मियों ने मीरापुर उप चुनाव को प्रभावित करने का काम किया और मीरापुर, भोपा और ककरौली थाना क्षेत्र के 52 बूथों पर चुनाव प्रभावित किया। शिकायत में बकायदा नामों की लिस्ट भेजी गई, जिनमें इंस्पेक्टर बबलू कुमार, राजीव शर्मा, संगीता चौहान, महावीर सिंह चौहान, एचएन सिंह, नोवेन्द्र सिंह सिरोही, प्रेमचंद शर्मा, दरोगा सुनील कसाना, दरोगा अनिल कुमार तोमर के नाम शिकायत पत्र में लिखवाये गये हैं। चुनाव आयोग ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से उक्त आरोपों के सम्बंध में रिपोर्ट मांगी है। आपको यह भी बता दें कि शिकायत में दिए गए नामों में प्रेमचंद शर्मा बुलन्दशहर व एचएन सिंह सहारनपुर इंस्पेक्टर के रूप में तैनात हैं, जबकि अन्य सभी पुलिसकर्मी मुजफ्फरनगर जनपद के विभिन्न थानों में प्रभारी हैं।




## जिस ककरौली में सपा को सबसे ज्यादा वोट मिले, उसकी चर्चा भी शिकायती पत्र में

**मुजफ्फरनगर।** मतदान वाले दिन मतदातताओं के द्वारा शोर मचा-मचाकर यह खूब कहा किया कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मुस्लिम वोटरों को वोट डालने नहीं दिया जा रहा है। मुस्लिम वोटरों का कहना था कि कभी उनके चेहरे का मिलान नहीं होने के कारण उनको वोट डालने से रोका गया और कभी आधार कार्ड में उनका नाम पहचान पत्र से नहीं मिलने की बात कही गई। मतदाताओं के साथ-साथ पार्टी प्रत्याशियों ने भी चुनाव के बीच में ही दिन निकलते ही यही आरोप लगाने शुरू कर दिये थे कि मतदान निष्पक्ष नहीं कराया जा रहा है। हालांकि जब मतदान के बाद अलग अलग बूथों की लिस्ट सामने आई और राजनीतिक पंडितों ने इसका बूथवाइज आकलन करते हुए यह भी पता कर लिया कि मुस्लिम मतदाताओं के मतदान में कहीं कोई कमी नहीं आई, हिंदू मतदाताओं की टक्कर का मतदान कम संख्या होने के बाजवूद भी मुस्लिमों का होता दिखाई दिया है। उसके बावजूद भी आयोग को शिकायत का सिलसिला जारी है। अब देखना यह होगा कि आयोग द्वारा शिकायत का संज्ञान लेने के बाद आखिर जिला प्रशासन आयोग को अपनी सफाई में क्या कहता है? फिलहाल आयोग द्वारा आरोपों के सम्बंध में रिपोर्ट मांग ली गई है।

# कहीं हो न जाए बवाल, बस तुम खुद को लो संभाल

## संभल में बवाल के बाद जिले में हाई-अलर्ट जारी, जगह-जगह फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश का माहौल लगातार खराब होने की ओर चलता दिखाई पड़ रहा है। पिछले तीन माह से पत्थरबाजी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं, कभी गाजियाबाद, कभी बरेली तो कभी मुजफ्फरनगर से ही सटे सहारनपुर में पत्थरबाजी के नजारे खूब सामने आ चुके हैं। इसी के साथ फिर एक बार उत्तर प्रदेश में हिंसा की गूंज पूरे देश तक पहुंची। दरअसल, सुबह छह बजे ही उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए टीम पहुंची तो टीम का विरोध मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जमकर किया। देखते ही देखते पुलिस पर ऐसी पत्थरबाजी हुई कि भगदड़ मच गई और लाठीचार्ज के बाद आंसू गैस के गोले पुलिस को आत्मरक्षा में छोड़ने पड़े। दोपहर तक हिंसा के तांडव की ऐसी-ऐसी तस्वीरें सामने आई, जिससे पूरे उत्तर प्रदेश का माहौल फिर एक बार गरमा गया। कहीं जली हुई मोटरसाइकिलें तो कहीं पत्थरों से भरी सड़कें साफ बयां कर रही थी कि किस तरह का तांडव संभल में किया गया। ऐसे में हाथों हाथ पूरे प्रदेश में सरकार व शासन की ओर से अलर्ट जारी कर दिया गया। उक्त अलर्ट का असर मुजफ्फरनगर में भी तब दिखाई दिया, जब एकाएक एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर सड़कों पर पुलिस का पूरा अमला उतर आया। नगर के विभिन्न स्थानों पर संवेदनशील इलाकों में हाथों हाथ पैदल मार्च किया गया और शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई। एएसपी व्योम बिंदल खुद खालापार क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए दिखाई दिये, वहीं सीओ मंडी रूपाली राय व थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए बागोवाली तक के क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। एसएसपी अभिषेक सिंह ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने का काम करता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी के लिए प्रशासन टीम गठित कर अलर्ट मोड पर रहेगा। ऐसे में आम नागरिकों को भी अपनी सावधानी अपने आप ही रखनी चाहिए। सोशल मीडिया हो या आम जीवन की दिनचर्या किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी एक-दूसरे के समुदाय पर न की जाये। जिससे किसी के धर्म, जाति की भावना को ठेस पहुंचे ऐसे व्यंग्य अथवा कटाक्ष करने से आम जनता को बचना होगा, क्योंकि संभल की तरह दंगे करने आसान हैं, मगर उनको ेल पाना मुश्किल है। मुजफ्फरनगर पहले भी 2013 के दंगों का दंश ेल चुका है, जिसमें जान-माल की हुई हानि से अभी तक भी दोनों समुदाय के लोग उबर नहीं पाये। ऐसे में हमें खुद को संभालकर रखना होगा और किसी भी धर्म अथवा जाति पर कटाक्ष करने से अपने आपको रोकना होगा।





## सुलग उठा संभल, तीन की मौत, बीस से अधिक पुलिसकर्मी घायल

**संभल, 24 नवंबर (एजेंसी)।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान संभल सुलग उठा। पुलिस पर पत्थरों और जूते-चप्पलों की बौछार कर दी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े लेकिन भीड़ बेकाबू थी। जमकर पुलिस पर तमंचों से गोलियां चलाई गई। महिलाओं ने छतों से तो नई उम्र के किशोरों व युवाओं ने नीचे से पुलिस पर पथराव किया। तीन कार व आठ बाइकों समेत कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए हवाई फायरिंग की तो दूसरी तरफ से भी फायरिंग की गई। इस घटना में तीन की मौत हुई है। हिंसा के बाद जिले में अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

**पुलिस पर पत्थरों की बारिश और फायरिंग, उपद्रवियों ने तीन कार, आठ बाइक फूंकी**

डीएम ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं।

रविवार की सुबह जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंचे कोर्ट कमिश्नर के विरोध में मस्जिद के पास एकत्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग कर दी। हिंसक हुई भीड़ ने चंदौसी के सीओ की गाड़ी समेत कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और आग लगा दी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन भीड़ काबू में नहीं आई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज और फायरिंग की तो भगदड़ मच गई। बवाल के दौरान हयातनगर निवासी रोमान, फत्तेहउल्ला सराय निवासी बिलाल और मोहल्ला कोट तबेला निवासी नईम की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी और दर्जनों लोग घायल हो गए। मुरादाबाद से पहुंचे डीआईजी फोर्स के साथ हालात काबू करने में लगे रहे। बताया गया है कि कोर्ट के आदेश पर रविवार सुबह 7:30 बजे डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ सर्वे टीम जामा मस्जिद पहुंची। कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के अंदर सर्वे शुरू किया। सर्वे की जानकारी पर मस्जिद के आसपास भीड़ जमा हो गई। कम समय में दोबारा सर्वे और छुट्टी के दिन सुबह-सुबह प्रक्रिया शुरू करने पर सवाल उठाते हुए लोगों ने हंगामा कर दिया। देखते-देखते पथराव शुरू कर दिया। इससे पुलिस में भगदड़ मच गई। हिंसक भीड़ ने पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए सीओ की गाड़ी समेत कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। करीब साढ़े 10 बजे सर्वे टीम लौट गई है। लेकिन, संभल में तनाव की स्थिति बनी हुई है। डीआइजी मुनिराज जी भी मौके पर पहुंचे।

**पुलिसकर्मियों की पांच बाइकें फूंकी :** करीब डेढ़ घंटे तक हुए बवाल के बाद पुलिस ने काबू पाया। घायल हुए लोगों को अस्पताल भेजा और बवाल कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे नखासा तिराहे पर फिर से भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस वहां पहुंची तो वहां भी पुलिस पर पथराव किया गया। हुसैनी रोड पर खड़ी पुलिसकर्मियों की पांच बाइकों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस आगे बढ़ी तो हिंदूपुरा खेड़ा में पुलिस पर पथराव किया गया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। इससे भी हिंसक भीड़ काबू नहीं हुई तो पुलिस ने फायरिंग की। जैसे-तैसे भीड़ को तितर बितर कर पुलिस आगे बढ़ी। इस बीच मुरादाबाद समेत नजदीकी जिलों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मौत पुलिस की गोली से हुई या किसी और की। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनीराज जी, डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नाई फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। बवाल कर रहे लोगों को हिरासत में लिया। इसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इन महिलाओं पर भी पत्थरबाजी

शेष - पृष्ठ-4 पर







# रोडवेज बस के कुचलने से बाइक सवार युवक की मौत

**खतौली, 24 नवम्बर (बु.)।** भैंसी गांव में फ्लाई ओवर के पास रोडवेज बस के कुचलने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया गया कि यह दुर्घटना दो रोडवेज बसों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हुई थी। मौके पर एकत्र हो गए ग्रामीणों ने हादसे पर कड़ी नाराजगी जताई। घटना को अंजाम देकर चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। क्षेत्र के अभीपुरा गांव निवासी 20 वर्षीय मनीष पुत्र रामबीर रविवार को मोटर साइकिल पर कॉफी मशीन लेकर कैलावड़ा के एक शादी समारोह में जा रहा था। जैसे ही मनीष भैंसी के फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तो खतौली से मुजफ्फरनगर जा रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया। स्पीड में दौड़ रही बस मनीष को कुचलते हुए निकल गई, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। बताया गया है कि जिस समय यह हादसा हुआ, तब दो रोडवेज बसों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ है। कुछ देर में ही मौके पर ग्रामीणों का जमघट लग गया। इसी बीच ग्रामीणों ने मौके पर आये सीओ राम आशीष यादव, थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता आदि से विरोध जताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ बस को कब्जे में ले लिया



है। सीओ यादव का कहना है कि पीड़ित परिवार की तरफ से मुकदमा दर्ज कर बस चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


## युवती से छेड़छाड़ पर पथराव व फायरिंग में कई लोग घायल

**मेरठ, 24 नवंबर (एजेंसी)।** सरधना के गांव मेहरमती गणेशपुर में छेड़छाड़ के विरोध में दो समुदाय के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों समुदायों के बीच पथराव और फायरिंग हुई। कई लोगों को गोली लगी है। सूचना के बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। बताया गया कि रविवार को गांव में गोबर डालने गई युवती के साथ छेड़छाड़ की वारदात हो गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। पथराव होने लगा। इसके बाद ताबड़तोड़ गोलियां चलाई जाने लगीं। सोनम पुत्री तेजपाल, बबलू, रामपाल, अंकित, तेजपाल को गोली लगी। पथराव में कई अन्य लोग भी घायल हो गए। एक पक्ष का आरोप है कि बाहर से लड़के बुलाकर तेजपाल के घर पर हमला किया गया। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और गांव छावनी में तब्दील हो गया। हमलावरों की तलाश में घर-घर तलाशी ली जाने लगी। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में तनाव की स्थिति है।

# महिला को गाली देते शाहपुर क्षेत्र के प्रधानपति का ऑडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान पति का एक महिला को फोन पर भद्दी-भद्दी गालियां देते ऑडियो वायरल हो रहा है। उक्त महिला ने एसएसपी से भी इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

हमेशा चर्चाओं में रहने वाले ग्राम प्रधान पति साबू का एक और कारनामा सामने आया है। इस बार फिर योगी सरकार में ग्राम प्रधान पति द्वारा एक महिला को फोन पर अपशब्द कहते हुए नजर आया और उसके साथ-साथ भद्दी-भद्दी गालियां भी देता नजर आया। पीड़ित महिला द्वारा मुजफ्फरनगर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां पर ग्राम प्रधान के खिलाफ तहरीर दे चुकी है। ग्राम प्रधान पति साबू चुनाव के दौरान गोली कांड में भी 11 माह की जेल काट चुका है।



उसके बाद ग्राम प्रधान पति हमेशा चर्चाओं में रहता है। बुढ़ाना तहसील से राजस्व विभाग की टीम अपना बकाया भुगतान लेने के लिए गांव में पहुंची तो ग्राम प्रधान पति द्वारा तहसील विभाग की टीम को अपने घर में बंधक बनाकर उनकी जमकर पिटाई की थी। मौके पर शाहपुर पुलिस ने जाकर किसी तरह बंधक बनी टीम को छुड़वाया और शाहपुर थाने में आकर तहसील के राजस्व टीम कर्मचारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब देखना यह होगा कि ग्राम प्रधान कितना रसूखदार है। क्या फिर से सिफारिशों का दौर जारी होगा या कार्यवाही यह तो देखने का विषय है कि शाहपुर पुलिस ग्राम प्रधान के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है या फिर से मामले को पेंडिंग में डालती है।

## रामलीला मैदान जाने को निकले यति नरसिंहानंद किये नजरबंद

**गाजियाबाद, 24 नवंबर (एजेंसी)।** सरकार के खिलाफ आइएमसी के अध्यक्ष तौकी रजा ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर रविवार को सभा करने का एलान किया। इस सभा को डासना स्थित शिव शक्तिधाम के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और जवाब देने के लिए सभा में शामिल होने के लिए रविवार को दर्जनों अनुयायियों के साथ निकले। वेव सिटी पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची और यति नरसिंहानंद को रोका। पुलिस का विरोध कर यति नरसिंहानंद गिरी और अनुयायी सड़क पर बैठ गए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि यति महाराज को नजरबंद नहीं किया गया है। उन्हें शाम को नोएडा में एक कार्यक्रम में शिरकत करनी थी। सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस तैनात की गई है।



# अश्लील व फूहड़ नृत्य देखकर जवान तो क्या बूढ़ों को भी नहीं आयी शर्म

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** पचैंडाकला में रविवार शाम कई बालाओं ने अपने नृत्य से मंच पर जवान व बूढ़ों दोनों को खूब रिाने की कोशिश की। बड़ी बात यह है कि रागिनी के नाम पर कई बालाओं ने फूहड़ नृत्य किया। मगर पुलिस कहा थी यह किसी को नहीं पता। सूत्रों के मुताबिक उक्त नृत्य किसी शहीद की श्रद्धांजलि के नाम पर किया जा रहा था। वहां जमी हजारों लोगों की भीड़ ने जमकर इसका लुत्फ तो उठाया ही, मगर जब इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर चली तो सभी सम्भ्रांत लोगों ने एक ही बात कही कि रागनी के नाम पर इस तरह के डांस परोसे जाना कौन सी मर्यादा का हिस्सा है। डांस का आनन्द ही उठाना था तो किसी कैबरे डांस में चले जाते। खुले में रागनी के नाम पर ऐसे फूहड़, अभद्र, अश्लील डांस सार्वजनिक रूप से परोसना कहा तक उचित है। कुल मिलाकर उक्त फूहड़ नृत्य की तरह-तरह की चर्चाएं होती दिखाई दी। प्रशासन उक्त मामले में कोई कार्यवाही करेगा अथवा नहीं यह तो प्रशासन को पता होगा, मगर खुले में हुए ऐसे नृत्य की एक स्वर में सभी ने बुराई करते हुए कहा कि इस तरह के नृत्य समाज का सांस्कृतिक माहौल ही खराब करते हैं और बाजार में ऐसे नृत्य का मैसेज गलत जाता है।







## जम्मू-कश्मीर में हिमपात के बाद कई रोड बंद

**श्रीनगर, 24 नवंबर (वार्ता)** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात और कुछ मैदानी इलाकों में बारिश के कारण रविवार को कई सड़कें बंद हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यातायात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड को रविवार को पीर की गली में हिमपात के बाद एहतियात के तौर पर वाहन यातायात के लिए बंद कर दिया गया। राजदान टॉप और उत्तरी कश्मीर जिले की अन्य जुड़ी सड़कों पर हिमपात के कारण गुरेज-बांदीपोरा सड़क भी वाहन यातायात के लिए बंद कर दी गई है। उन्होंने बताया कि फिसलन की स्थिति के कारण सोनमर्ग-कारगिल मार्ग पर भी यातायात निलंबित कर दिया गया है। रात भर हुयी हिमपात ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट को सफेद चादर से ढक दिया, जिससे वहां रहने वाले पर्यटक काफी खुश हुए। सीमांत कश्मीर जिले कुपवाड़ा के करनाह से हिमपात की खबरें मिलीं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह में भी रविवार को सीजन की पहली हिमपात हुयी।

# बरेली में जीपीएस सहारे चल रही कार पुल से गिरी, तीन मरे

**बरेली, 24 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में निर्माणाधीन पुल से रामगंगा नदी में कार गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरीदपुर बरेली और बदायू दातागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार और तीनों सवारों को नदी से बाहर निकाला। हादसे में तीनों की मौत हो गई। रविवार सुबह करीब 10:00 बजे तीन कार सवार बरेली से दातागंज जिला बदायूं जा रहे थे। रास्ते का पता लगाने को जीपीएस नेविगेशन किया गया था। फरीदपुर थाना क्षेत्र खल्लपुर दातागंज मार्ग पर बन रहे रामगंगा पुल पर हादसा हुआ है। बाढ़ के चलते इस पुल का अगला हिस्सा नदी में बह गया था लेकिन जीपीएस नेविगेशन में इसका अपडेट नहीं किया गया था। जिससे अपनी रफ्तार से चल रहे कार सवार पुल से नीचे गिर गए और बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कार्यदायी संस्था ने पुल पर संकेतक और अवरोधक नहीं लगाए थे। जीपीएस में अपडेट नहीं होने और अवरोधक आदि न लगने से बड़ा हादसा हुआ है।



## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 24 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1538-भारत पहुंचा तुर्की का नौसैन्य अभियान पुर्तगाल का बेड़ा पहुंचने के बाद वापस लौट गया। 1716-अमेरिका में पहली बार किसी शेर को प्रदर्शनी में रखा गया। 1741-रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्ड्स की मदद से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया। 1866-इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन। 1867-अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया। 1930-जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकॉर्ड किए गए। 1936-जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर। 1945-अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आए बर्फीले तूफान के कारण हुई स्कूल बस दुर्घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई। 1948-भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना। 1949-संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में ऐतिहासिक भाषण दिया। 1952-पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जन्म। राजनीति में आने से पहले वह देश की क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में खासे लोकप्रिय हुए और देश को 1992 में विश्व कप में विजय दिलाई। 1960-टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया। 1965-फ्रांस ने अपना पहला सैटेलाइट लॉन्च किया। 1973-ग्रीस में हफ्तों से फैली अशांति के बीच आज ही के दिन वहां की सेना ने तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज पापाडोपोलस का तख्ता पलट दिया था। 1975-सूरीनाम को हालैंड से आजादी मिली। 2001-पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पांच दिन की यात्रा पर भारत पहुंचीं। 2004-पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के कश्मीर फार्मूले को पाक-कश्मीर समिति ने खारिज किया। 2013-इराक की राजधानी बगदाद के कैफे में हुए धमाके में 17 लोगों की मौत हो गई। 37 घायल हुए। 2016-क्यूबा के राजनेता फिदेल कास्त्रो का 90 वर्ष की आयु में निधन। कास्त्रो को लातिन अमेरिका में कम्युनिस्ट क्रांति के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। 2018-यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने ब्रिटेन के यूरोपीय संघ (ईयू) छोड़ने पर हामी भरी। 2019-लूई विटॉन कंपनी ने प्रसिद्ध आभूषण कंपनी टिफनी एंड कंपनी को 16 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा।2020-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल का निधन।

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 25 नवम्बर, 2024**

**मेष-** बुद्धि-विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।
**वृषभ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, नवसम्पर्क लाभदायी।
**मिथुन-** समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी संबंधों में तनाव, मानसिक उलझन, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य।
**कर्क-** दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर, जनकल्याण की भावना जागृत।
**सिंह-** स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओ में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद सुलभ।
**कन्या-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का समाधान, शिक्षा में सफलता, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।
**तुला-** कार्य व्यवस्था में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।
**वृश्चिक-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से उपलब्धि, आपसी संबंध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी, यात्रा सफल।
**धनु-** कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतान पक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।
**मकर-** आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।
**कुम्भ-** सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को तकलीफ।
**मीन-** समय संतोषजनक, व्यापार में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिष एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# दैनिक यात्रा संघ ने बुलेटिन सम्पादक का किया स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 22 नवम्बर (बु.)।** पंजाबी समाज के अध्यक्ष बनने के बाद से ही मुजफ्फरनगर बुलेटिन के प्रधान कार्यालय पर आए दिन बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है। रविवार को इसी कड़ी में दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंच उन्हें बधाई दी। बुलेटिन के सपांदक अंकुर दुआ ने दैनिक रेल यात्री संघ अध्यक्ष घन श्याम भगत समेत अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके स्तर पर जहां कहीं उनकी या बुलेटिन परिवार की जरुरत होगी, सदैव उनके साथ खड़े मिलेंगे। इस दौरान महामंत्री दीपक गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर, उपाध्यक्ष दीपक भाटिया, राजेश चौहान, राजू भाटिया, पारस वासु, ब्रजमोहन प्रधान, लोकेंद्र पाल, अतिशय जैन, बजरंग तायल, अजय बंसल, मनोज जैन, बबलू पाल आदि उपस्थित रहे।

## बुलेटिन संपादक व मिथलेश को दी बधाई

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** भारतीय विकास पार्टी के पदाधिकारियों ने बैठक करते हुए मीरांपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में विजयी घोषित हुई मिथलेश पाल और हॉल में ही मुजफ्फरनगर में पंजाबी समाज के अध्यक्ष बनने पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को बधाई दी। इस दौरान संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से राधेश्याम कश्यप, विजय कश्यप, नवीन, राहुल कश्यप, शुभम गोयल, विकास गर्ग, नरेश, निर्दोष त्यागी, आबिद खां, नाजिर हुसैन, अब्बास मस्तान, हिमांशु, सचिन, मांगेराम, राजाराम, सुमन, अर्चना, मंजू, ऊषा, डोली आदि मौजूद रहे।

# प्रीति किन्नर ने किया एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर टीम का स्वागत

## कहा-पशुओं की सुरक्षा करना एक मानवीय कर्तव्य

**समाज के सभी वर्गों को पशु कल्याण के लिए योगदान को किया प्रेरित**

**खतौली, 24 नवम्बर (बु.)।** एक दशक से पशु व पक्षी प्रेमी संस्था एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर टीम का समाजसेवी प्रीति किन्नर द्वारा गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनकी सेवाओं की सराहना की।
मिली जानकारी के अनुसार बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करने में अपना योगदान देने वाली एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर टीम का भव्य स्वागत करते हुए समाजसेवी प्रीति किन्नर ने कहा कि सेवा करने व किसी भी जीव को चिकित्सा व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना वास्तव में मानवता की मिसाल है। उन्होंने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को पशु कल्याण के लिए संवेदनशील बनते हुए अपना यथासम्भव योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर प्रीति किन्नर व महन्त अमरदास अम्बरपुर द्वारा संस्था के अध्यक्ष पुनीत अरोरा, संरक्षक अखिलेश पंडित, विवेक रहेजा, गौरी शंकर गौरी सहित अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
इस अवसर पर संस्था के अखिलेश पंडित, पुनीत अरोरा ने अपनी संस्था की आगामी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में आम जनमानस से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने स्वागतकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिले सम्मान से जहां संस्था को ऊर्जा मिली है, वहीं सभी सदस्यों को अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपार प्रोत्साहन मिला है, पशुओं की सुरक्षा करना उनके लिए मानवीय कर्तव्य है।

## स्वास्थ्य मेले में 73 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जानसठ, 24 नवम्बर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में अधिकतर खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आए। मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 73 मरीजों की जांच कर मरीजों को दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकांश खांसी, जुखाम, बुखार, एलर्जी, अस्थमा से संबंधित मरीज पहुंचे। पीएचसी स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई व सामग्री वितरित की। आंगनबाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया गया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। इसके अलावा मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. रूचि, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद और वार्ड बॉय राजेंद्र आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

## रसूलपुर कैलोरा में दो पक्षों में हुई मारपीट, दो लोग चोटिल

**खतौली, 24 नवम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर कैलोरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग चोटिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार गांव रसूलपुर कैलोरा निवासी वंश पुत्र तेजपाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि शाम के समय वह अपने चचेरे भाई आयुष पुत्र चन्द्रपाल के साथ घर से खेतों पर कृषि कार्य से जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान रास्ते में गांव के ही हनी, रोहित, अंकित आदि ने शराब के नशे में उनको रोककर उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। वंश के कथानुसार उनके द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो आरोपियों ने फावले से उन पर हमला कर दिया तथा एक युवक द्वारा अवैध हथियार दिखाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीणों के आ जाने के बाद हमलावर वहां से वापस लौट गए। पीड़ित का आरोप है कि इससे पूर्व उक्त लोगों के द्वारा दो बार हमला किया जा चुका है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

# बीएलओ ने बूथों पर रहकर बनाई नई वोट



**बुढ़ाना, 24 नवम्बर (बु.)।** कस्बे और क्षेत्र में रविवार के दिन सभी मतदान केंद्रों पर विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स बीएलओ ने मतदाताओं के आवेदन प्राप्त किए और संबंधित अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार बीती 23 नवम्बर और रविवार के दिन विशेष अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और अन्य इच्छुक व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका बीएलओ द्वारा दिया गया। बुढ़ाना के भाग संख्या 82, 83, 84 व 89 में बीएलओ आसमा अली, राखी, सीमा रानी व इमराना ने कई नई वोटें बनाई। काफी वोटों में शुद्धिकरण किया, जिसकी डेथ हो गयी व युवती की शादी हो गयी उनकी भी वोटें काटी गयी। बीएलओ आसमा अली ने बताया कि प्रारूप 6 के माध्यम से काफी नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए। प्रारूप 7 के जरिए मृतक मतदाताओं के नाम हटाए गए और प्रारूप 8 के तहत नामों में संशोधन किया गया। अन्य बूथों पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित करने का कार्य बाखूबी रूप से बीएलओ द्वारा किया गया। इस अभियान के माध्यम से युवाओं और अन्य योग्य व्यक्तियों को वोटर लिस्ट में शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया। बीएलओ ने लोगों को जागरूक करते हुए संबंधित फार्म भरने की प्रक्रिया समझाई। स्थानीय प्रशासन ने भी इस अभियान को सफल बनाने को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हुई थी।

# सम्भल में हिंसा के बाद पुलिस अलर्ट, सीओ और एसडीएम ने भारी पुलिस फोर्स संग किया फ्लैग मार्च

## लोगों से कानून विरोधी गतिविधियों से दूर रहने की अपील की



**मीरापुर, 24 नवम्बर (बु.)।** सम्भल हिंसा के बाद जनपद में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। मीरापुर कस्बे में सीओ व एसडीएम ने भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्लिम बाहुल्य इलाकों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैगमार्च निकाला तथा लोगों से अफवाहों से दूर रहकर किसी भी कानून, विरोधी घटना में शामिल नही होने की अपील की। सम्भल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसक घटना के बाद रविवार को एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार व सीओ यतेन्द्र नागर ने भारी पुलिस फोर्स के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर मीरापुर कस्बे में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजारों व भीड़ वाले क्षेत्र में फ्लैगमार्च निकाला। इस दौरान एसडीएम सुबोध कुमार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक व फर्जी पोस्ट नहीं डालने तथा किसी भी प्रकार की कानून विरोधी घटना में शामिल नहीं होने की अपील की। साथ ही लोगों से किसी भी असामाजिक तत्व की जानकारी तुरन्त पुलिस को देने को कहा। उन्होंने लोगों से एक स्थान पर भीड़ नहीं जुटाने की अपील की। इसके अलावा पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों का तलाशी अभियान भी चलाया।

# गौशाला में खुदे हुए गड्ढे में गिरकर गाय की हुई मौत

## घटना से आहत गौरक्षक ने वीडियो वायरल कर आत्मदाह करने का किया ऐलान



**बुढ़ाना, 24 नवम्बर (बु.)।** गायों का पेशाब जमा करने के लिए गौशाला में पिछले महीने खोदा गया गहरा गड्ढा एक गाय के लिए मौत का कुआं बन गया। उक्त गाय की गड्ढे में गिरकर मौत हो गयी। गौरक्षक ने ग्राम सचिव की मुठमर्दी के चलते 25 नवम्बर को एसडीएम कार्यालय पर आत्मदाह करने की घोषणा कर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। रविवार को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली निवासी गौरक्षक छोटा सैनी ने 4 मिनट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर परासौली में माधव गौशाला बनी थी। वह गौशाला का अध्यक्ष है। ग्राम सचिव राहुल आर्य ने गौशाला की सब गायों का पेशाब जमा करने को गहरा गड्ढा बीते माह खुदवाया था मगर आज तक उसको बंद नहीं करवाया। नतीजा ये हुआ कि आज अर्धरात्रि में एक गाय खुलकर इस गड्ढे में गिरकर मर गयी। ठेकेदार यामीन को भी इस बारे में कहा कि गड्ढा बंद कर दो लेकिन उसने भी गड्ढे को बंद नहीं किया। सचिव पूर्व मंत्री की धौंस देता है और गौशाला का काम लटकाए हुए है। ग्राम प्रधान नवाब कुरैशी ने भी सचिव व ठेकेदार को कहा लेकिन दोनों अपनी मनमानी पर उतारू हैं। अब वो मृत गाय को सोमवार को एसडीएम आफिस पर लेकर जाएगा और आत्मदाह करेगा। जब जांच करने जिले से अधिकारी आते हैं तो सचिव उनसे झूठ बोलकर गौशाला का अधूरा पड़ा कोई भी काम नहीं करवाता। सब गायें खुले आसमान के नीचे हैं। एक गाय ठंड में 02 दिनों से तड़प रही है लेकिन कोई भी सुध लेने वाला नहीं है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नगर कार्यकारिणी घोषित की

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नगर कार्यकारिणी का रविवार को गठन हो गया। संगठन के नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी व वरिष्ठ महामंत्री पवन वर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री स. बलविन्द्र सिंह सल से विचार विमर्श के उपरांत नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नगर कार्यकारिणी में रंजन मित्तल मुख्य संरक्षक, राजेश जैन, कृष्ण कुमार, अनिल सोबती, रचित सिंघल को संरक्षक बनाया है। इसके अलावा महामंत्री विजय कुच्छल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष विशाल जैन व उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा, हेमंत मित्तल, मनोज मित्तल, संदीप कुच्छल, अंशुल सिंघल, श्याम बाबू श्राफ, मनमोहन कुमार, विभोर मल्होत्रा, श्याम सिंह, संजय नामदेव, सुनील तायल, कार्तिक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल व जयपाल सिंह को बनाया गया है। प्रेस प्रवक्ता कार्तिकेय मित्तल, संयुक्त महामंत्री मौ. भूरा कुरैशी, वरिष्ठ मंत्री शिवकुमार सिंघल व मंत्री के रूप में विशु कुमार, प्रदीप मित्तल, दुर्गेश त्यागी, संदीप मित्तल, फजल अहमद, मौहब्बत त्यागी, इम्तयाज, हरीश कुमार और सुधीर बंसल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**बैठक**

दिनांक 27-11-2024, दिन-बुधवार, समय 12 बजे, **ग्राम अलीपुरा तिस्सा, न्याय पंचायत तिस्सा, विकास खण्ड, मोरना, जिला- मुजफ्फरनगर** के **भूमिया खेड़ा मंदिर प्रांगण, अलीपुरा तिस्सा** पर एक बैठक रखी गयी है।
बैठक नई प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड के गठन हेतु बुलाई गयी है।
जो व्यक्ति सदस्य बनने का इच्छुक हो, अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

**सतपाल पुत्र चन्दरू**
**निवासी-ग्राम अलीपुरा, तिस्सा, मुजफ्फरनगर।**
**मो. : 9917023884**

**बैठक**

दिनांक 26-11-2024, दिन-मंगलवार, समय 12 बजे, **ग्राम जौली, न्याय पंचायत जौली, विकास खण्ड, मोरना, जिला- मुजफ्फरनगर** के **पंचायत घर, जौली** पर एक बैठक रखी गयी है।
बैठक नई प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड के गठन हेतु बुलाई गयी है।
जो व्यक्ति सदस्य बनने का इच्छुक हो, अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

**सुरेन्द्र सिंह पुत्र साहब सिंह**
**निवासी-ग्राम जौली, मुजफ्फरनगर।**
**मो. : 9756388407**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 59, मौहल्ला सरवट गेट उत्तरी शहर, मुजफ्फरनगर की मिल्कियत के सम्बंध में एक दीवानी वाद संख्या 910, सन् 2024 सचिन गर्ग बनाम नितिन गर्ग आदि न्यायालय सिविल जज सी.डी. मुजफ्फरनगर में लम्बित है। नितिन गर्ग (गर्ग घी वाले) पुत्र स्व. अशोक कुमार गर्ग व उनकी पत्नी श्रीमती चंचल गर्ग इस सम्पत्ति को अपनी बताकर बेचने की फिराक में है। कोई भी व्यक्ति इस सम्पत्ति को न खरीदें, क्योंकि इसमें आधा हिस्सा विज्ञप्तिकर्ता का है।

**सचिन गर्ग पुत्र स्व. अशोक कुमार गर्ग**
**मो. : 9911527827**

# दैनिक यात्री संघ ने किया रेलवे स्टेशन अधीक्षक का स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** रविवार को दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर पहुंच स्टेशन अधीक्षक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। घनश्याम भगत ने लंबे समय से रद्द चल रही सुपर जालंधर एक्सप्रेस को अब रेलवे विभाग की ओर से अंबाला तक चलाए जाने के लिए हरी झंडी मिलने पर उन्होंने रेल मंत्री का भी आभार व्यक्त किया। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक पवन कुमार का दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा रेलवे स्टेशन पर उनके कार्यालय में दैनिक रेल यात्रियों ने अध्यक्ष घनश्याम भगत के नेतृत्व में पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान दैनिक रेल यात्री संघ अध्यक्ष घनश्याम भगत महामंत्री दीपक गुप्ता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान का इस समस्या में सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। यात्री संघ प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार को रेलवे यात्रियों की होने वाली परेशानियां से अवगत कराया। रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने सभी का सम्मान करते हुए कहा कि जो भी दैनिक रेल यात्री संघ ने समस्याएं बताई हैं उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान दीपक गुप्ता, विनोद ठाकुर, दीपक भाटिया, राजेश चौहान, राजू भाटिया, पारस वासु, ब्रजमोहन प्रधान, लोकेंद्र पाल, अतिशय जैन, बजरंग तायल, अजय बंसल, मनोज जैन, बबलू पाल आदि उपस्थित रहे।

## फरार आरोपित की पुलिस ने कराई मुनादी



**चरथावल, 24 नवम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में पुलिस ने चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित की सूचना के लिए ढोल-नगाड़ों से मुनादी कराई। न्यायालय से जारी की गई उद्घोषणा को आरोपित के आवास पर पुलिस ने चस्पा किया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जय किशोर द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 139/24 धारा 379,411 आईपीसी में फरार चल रहे अभियुक्त तस्लीम उर्फ कल्लू उर्फ जनरेटर पुत्र स्व. जाहिद के मकान पर 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा किया। आपको बता दे कि आरोपी तस्लीम के न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी करने के बाद पेश न होने पर 82 सीआरपीसी उद्घोषणा के अनुपालन के पुलिस को आदेश दिए। इंस्पेक्टर जयकिशोर ने न्यायालय की उद्घोषणा को फरार अभियुक्त के आवास पर चस्पा कराया। पुलिस कर्मियों के साथ ढोल-नगाड़े से गांव में मुनादी कराकर फरार आरोपित के बारे में सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है।

## संभल में बवाल के बाद अलर्ट, चरथावल में सीओ व थाना प्रभारी ने निकाला पैदल मार्च



**चरथावल, 24 नवम्बर (बु.)।** संभल में हुए बवाल के बाद पुलिस अलर्ट नजर आई। एसएसपी के निर्देश पर चरथावल कस्बे में सीओ सदर राजू कुमार साव व चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में पैदल मार्च किया। यूपी के सभी जनपदों में संभल में हुई घटना के बाद अलर्ट जारी किया गया। एससएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर सीओ सदर राजू कुमार साव ने चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह व पुलिस फोर्स के साथ चरथावल कस्बे में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से वार्ता कर अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था रखने की अपील की। सीओ सदर राजू कुमार साव ने बताया कि पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अगर क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने का प्रयास कोई भी व्यक्ति करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी की जा रही है।

# ईश्वर कृपा से प्रकट होती है आध्यात्मिक चेतना: देवराज पंवार



**मीरांपुर, 24 नवम्बर (बु.)।** ब्रह्मकुमारी संस्थान ओम शांति भवन में संपन्न किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं शुकदेव आश्रम शुकतीर्थ सचिव कुंवर देवराज पंवार ने कहा कि मनुष्य की आध्यात्मिक, आर्थिक या सामाजिक उन्नति में पग-पग पर ईश्वर कृपा ही कारण है।
किसान सम्मेलन के शुभारंभ पर संस्थान की संचालिका बीके अनमोल ने मुख्य अतिथि कुंवर देवराज पंवार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र रस्तौगी, अश्वनी शर्मा, संजय शर्मा, अरविंद तोमर, दीपक कृष्णात्रेय आदि अतिथियों को बुके देकर व तिलक कर उनका अभिनंदन किया। बीके अनमोल ने अपनी मधुर वाणी से संबोधित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न गीतों व नाट्य मंचन से यौगिक शाश्वत खेती की विधि एवं महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि कुंवर देवराज पंवार ने कहा कि हमारे जीवन मे प्रत्येक क्षण में ईश्वर कृपा विराजमान हैं। ईश्वर कृपा को आध्यात्मिक साधना से अनुभव किया जा सकता है। ऐसे में हमें अपने जीवन मे आध्यात्म को आत्मसात करना चाहिये। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी बहनों के माध्यम से यौगिक शास्वत खेती की जानकारी प्राप्त कर सुखद अनुभूति हुई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके युविका, अनिल, विवेक, रवि, अंकुर पहलवान, नितिन, आशीष, अमन, दीपक सिंगर, शिवम, रिषभ, हरिशंकर, प्रेम आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कांग्रेस नेता ने शरद-उद्धव गुट पर फोड़ा हार का ठीकरा

**मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसी)।** कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी. परमेश्वर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों पर रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जैसी योजना बनाई गई थी, वैसा चुनावी अभियान चलाने में विफल रहीं। परमेश्वर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के पर्यवेक्षक थे। उन्होंने कहा, लडकी बहिन योजना उनके लिए काफी प्रभावशाली रही। पिछले छह महीनों तक उन्होंने इसे प्रचारित किया,ये सब उनके हाथ में था। आखिरकार हमने टिकटों का एलान कर दिया और पार्टी में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। शरद पवार और उद्धव ठाकरे के गुट आपस में अच्छी तरह से गठबंधन नहीं बना पाए, उन्होंने जैसी योजना बनाई गई थी, वैसा प्रचार नहीं किया। खासकर विदर्भ में हमें कम सीटें मिलीं। उन्होंने आगे कहा, हमें विदर्भ से कम से कम 50 सीटें मिलने की उम्मीद थी।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पिताजी **श्री हरीश चन्द्र पुत्र स्व. श्री सोहन लाल (उम्र 73 वर्ष) पायजामा व शर्ट पहने ( कद 5 फुट 6 इंच)** जोकि 2 नवम्बर (दिन-शनिवार) को घर से चले गए थे, जिन्हें काफी ढूंढा गया तो पता चला कि उन्हें कुछ लोगों द्वारा जिला अस्पताल कच्ची सड़क (अहिल्याबाई) चौक के आस-पास अक्सर देखा जाता है, लेकिन हमारे काफी तलाशने पर भी अब तक उनका पता नहीं चला। जिस किसी को भी दिखाई दें, तो तुरन्त हमें इन नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

सम्पर्क करें :-
पवन कुमार - 9992983884, 8448295445

## राज्यपाल से मिले हेमंत सोरेन, 28 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण

**रांची, 24 नवंबर (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद सीएम और झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। वह रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने पहुंचे। राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके साथ ही नई सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा। उनके साथ इंडिया गठबंधन के नेता भी मौजूद रहे।

## आरपीएफ कर्मी ने रेलवे लाइन पर यात्री की बचाई जान

**रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर), 24 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में एक यात्री का पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस गए। इसी बीच वहां पर तैनात आरपीएफ कर्मी ने मुस्तैदी दिखाते हुए फंसे यात्री को बाहर खींच लिया और उनकी जान बच गई। रविवार को देहरादून एक्सप्रेस संख्या 14120 देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। रुद्रपुर स्टेशन पर रुकने के बाद ट्रेन काठगोदाम के लिए रवाना हो रही थी। इसी बीच प्लेटफार्म पर सामान लेनेउतरे यात्री चलती ट्रेन में एसी कोच पर चढ़ने लगे। चलती ट्रेन में कोच का बंद दरवाजा खोलने की कोशिश में उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच में फंस गए। इसी बीच प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ कांस्टेबल विकास ने मुस्तैदी दिखाते हुए फंसे गए यात्री को खींचकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान यात्री के पैरों में खरोंचे आई। यात्री ने कांस्टेबल को जान बचाने के लिए आभार व्यक्त किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर तरूण वर्मा ने बताया कि यात्री को उसी ट्रेन से गंतव्य के लिए रवाना किया गया था।

## मंत्री हजारी ने बताया 2025 में 225 सीटें एनडीए का लक्ष्य

**बक्सर, 24 नवंबर (एजेंसी)।** बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने रविवार को बक्सर में आयोजित जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन में 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि एनडीए का लक्ष्य ह्य2025 में 225 सीटेंह्ल है और एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे। महेश्वर हजारी ने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है और आगामी चुनावों में 225 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने पिछली सरकारों की तुलना में अभूतपूर्व विकास किया है। मंत्री ने स्वीकार किया कि पिछली बार के बिहार विधानसभा चुनाव में ह्यकन्फ्यूजनह्ल के कारण जदयू को अपेक्षा से कम सीटें मिली थीं। उपचुनाव में एनडीए ने सभी सीटों पर जीत दर्ज की, जो गठबंधन की एकजुटता और लोकप्रियता का प्रमाण है।

# सुलग उठा संभल, तीन की मौत, बीस से अधिक पुलिसकर्मी घायल से जुड़ी तस्वीरें











करने का आरोप है। संभल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

**'उपद्रवियों ने लगाए धार्मिक नारे'**

पुलिस ने बल प्रयोग कर खदेड़ने की कोशिश की तो पथराव के साथ फायरिंग भी की जाने लगी। उपद्रवियों ने धार्मिक नारे लगाते हुए एक दरोगा की कार व दो दारोगाओं की मोटरसाइकिल समेत कई अन्य वाहनों में आग लगा दी। इसके बाद पुलिसफोर्स और भीड़ आमने-सामने आ गई। पुलिस की ओर से रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले छोड़ने पर भी हालत काबू में नहीं आए तब पुलिस ने भी फायरिंग की। पथराव व फायरिंग में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में नईम गाजी, रुमाल खां और बिलाल अंसारी शामिल हैं।

**एडीएम के टूटे पैर, एसपी का पीआरओ को लगी गोली**

डिविजनल कमिश्नर ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में एसपी के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पैर में गोली लगी है, जबकि एसडीएम का पैर टूट गया है. उन्होंने कहा कि सीओ को भी छर्रे लगे हैं। पथराव में शामिल दो महिलाओं को पकड़ा गया है और लगभग 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**कोर्ट के आदेश पर हो रहा था सर्वे**

शहर की शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किए जाने के बाद दूसरे चरण का सर्वे आज (रविवार) सुबह ही शुरू किया गया था। 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट में मस्जिद के हरि हर मंदिर होने का दावा किया गया था। कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया और वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया था। उसी दिन शाम को मस्जिद में वीडियोग्राफी कराई गई थी। जैसे ही लोगों को पता लगा मस्जिद की ओर भीड़ पहुंचने लगी सुबह करीब 9:00 बजे भीड़ को हटाने का प्रयास किया गया तो पहले धक्का मुक्की हुई और बाद में भीड़ ने पथराव कर दिया।

**ऐसे हुई हिंसा की शुरुआत**

एसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि न्यायालय की टीम सर्वे कर रही थी। तभी कुछ लोगों को एकत्रित किया गया। पथराव किया गया। पुलिस टीम ने हालात को काबू में कर लिया है। सर्वे पूरा कर लिया गया है। सुनियोजित तरीके से ये सब किया गया है। पुलिस की लिखी गाड़ी टारगेट की गई है। एनएसए की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ड्रोन से निगरानी की गई है। कुछ उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, उनका इलाज चल रहा है। सभी का मेडिकल कराया गया है।

**छतों पर ईंट-पत्थर और बोतलें तो होगी कार्रवाई**

शाही जामा मस्जिद के सर्वे के कोर्ट के आदेश के बाद पथराव की घटनाओं को देखते हुए एसडीएम ने एक नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में नागरिकों को अपनी छत पर पत्थर, बोतलें या कोई भी ज्वलनशील और विस्फोटक सामग्री खरीदने या इकट्ठा करने से मना किया गया है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका को भी आदेश दिए गए हैं कि अगर सड़कों पर कोई भी भवन निर्माण सामग्री पड़ी है तो उसे तुरंत जब्त कर लिया जाए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा, कोर्ट के आदेश पर संभल में सर्वेक्षण किया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस पथराव करने वालों की पहचान करेगी और उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

## पंजाब से हथियार लाकर यूपी-दिल्ली में सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार, 17 बंदूक, 700 कारतूस बरामद

**मेरठ, 24 नवंबर (एजेंसी)।** एसटीएफ ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह पंजाब से हथियार लाकर यूपी, दिल्ली और बिहार के जिलों में सप्लाई करता था। उसके पास से 17 बंदूक और 700 कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि अभी तक किसे-किसे हथियार बेच चुका है। एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि एक हथियार तस्कर पंजाब से बड़े पैमाने पर हथियार लाकर पश्चिमी यूपी में सप्लाई करता है। टीम ने शनिवार आधी रात को कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में घेराबंदी करके हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना नाम रोहन पुत्र राकेश निवासी बड़ौत बागपत बताया। रोहन के पास 5 सिंगल बैरल और 12 डबल बैरल बंदूक और 700 कारतूस बरामद हुए। रोहन ने बताया कि इन हथियारों को वह पंजाब से लाकर यूपी, दिल्ली और बिहार में सप्लाई करता था। काफी समय से वह यह काम कर रहा था।

## डिप्टी सीएम, केशव बोले- अखिलेश यादव कर रहे हैं मुस्लिम तुष्टीकरण

**लखनऊ, 24 नवंबर (एजेंसी)।** संभल में सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयानों पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अखिलेश पर फिर से मुस्लिम तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सुशासन है। जो भी गड़बड़ी करेगा उसके खिलाफ कानून सख्ती से कार्रवाई करेगा।



उन्होंने कहा कि संभल मामले में न्यायालय के आदेश पर जिला प्रशासन द्वारा शांति पूर्ण तरीके से सर्वे कराया जा रहा है लेकिन यह सपा को हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने भी कमल का बटन दबाकर भाजपा पर विश्वास जताया है जिससे सपा बौखला गई है। यही कारण है सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मुस्लिम तुष्टीकरण की गंदी राजनीति फिर से शुरू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने वोट बैंक की राजनीति के लिए यूपी को दंगा प्रदेश बना दिया था लेकिन अब प्रदेश में सुशासन है। उन्होंने दोहराया कि भाजपा का संकल्प है कि एक हैं तो सेफ हैं। सपा पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि सपा आज एक दोराहे पर खड़ी है जहां आगे कुंआ पीछे खाई है। आज राजनीति में साफ-सुथरी छवि और पारदर्शिता जनता की मांग है फिर भी सपा ने अपना चाल चरित्र और चेहरा नहीं बदला है।

## सिपाही की पेट्रोलिंग करने के दौरान हत्या

**नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस के सिपाही किरण पाल (28) की पेट्रोलिंग करने के दौरान हत्या कर दी गई। सिपाही घालयावस्था में पड़ा रहा और अधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। शनिवार तड़के सिपाही के शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। बावर्दी सिपाही की हत्या होने से दिल्ली पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा गया और ताबड़तोड़ रंगदारी मांगने की वारदातों के बाद सिपाही की हत्या से दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ लिया। एक बदमाश दीपक को अपराध शाखा ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। दूसरे बदमाश को दक्षिण-पूर्व जिले की नारकोटिक्स यूनिट ने पकड़ा है, इसे नाबालिग बताया जा रहा है। तीसरे बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया।

# संभल में बवाल को लेकर खतौली में सीओ ने निकाला फ्लैग मार्च

## जानसठ तिराहे पर अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के निर्देश, सोशल मीडिया की हो रही निगरानी

**खतौली, 24 नवम्बर (बु.)।** संभल की जामा मस्जिद में चल रहे सर्वे को लेकर हुई पथराव की वारदात को लेकर पुलिस-प्रशासन द्वारा नगर की सड़कों पर पैदल फ्लैग मार्च निकालकर जनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का विश्वास दिलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेशानुसार संभल में धार्मिक स्थल पर चल रहे सर्वे के विरोध में नागरिकों की भीड़ द्वारा किये गये पथराव की वारदात को संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार खतौली सीओ राम आशीष यादव, कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल द्वारा रविवार को नगर की सड़कों पर पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर के व्यस्ततम जानसठ तिराहा, इन्दिरा मूर्ति, घन्टाघर सहित मुख्य चौराहों पर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सड़क पर वाहनों के खड़े न होने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिये गये। वहीं नगर में शान्ति-सद्भाव बनाये रखने व भड़काऊ बयान न देने तथा सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न करने पर बल दिया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस कर्मियों द्वारा कुछ संदिग्ध दोपहिया वाहन चालकों की भी जांच-पड़ताल की गई। वहीं जानसठ रोड इन्दिरा मूर्ति पर खाद्य सामग्री की ठेली खड़ी करते हुए यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वालों को भी हटवाये जाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि नगर के जानसठ तिराहे पर डग्गामार वाहनों सहित प्राइवेट बसों के लगे जमावड़े से जहां इस क्षेत्र में सड़कों पर यातायात जाम बना रहना एक आम बात हो गई। जानसठ तिराहे पर पुलिस चौकी पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात होने के पश्चात भी जानसठ तिराहे पर डग्गामार



वाहनों व ई-रिक्शाओं का जमावड़ा रहना कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता नजर आ रहा है, वहीं सड़कों पर वाहनों के यातायात जाम से सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित बनने से व्यापारियों में रोष बना हुआ है।

## हादसे में कृपालु महाराज की बेटी की मौतः दो बहनों की हालत गंभीर

**मथुरा, 24 नवंबर (एजेंसी)।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी पुत्री विशाखा त्रिपाठी का रविवार की सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। कृपालु महाराज की दो अन्य पुत्रियां दिल्ली के अपोलो अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही हैं। डॉ. विशाखा त्रिपाठी के निधन से आध्यात्मिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को यमुना के मोक्षधाम पर किया जाएगा। बता दें कि जगद्गुरु कृपालु परिषद की अध्यक्षा डॉ. विशाखा त्रिपाठी अपनी दोनों बहनों के साथ दिल्ली एयरपोर्ट अपनी निजी कार से जा रही थीं। नोएडा के दनकौर के समीप पीछे से आ रहा कैंटर ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी गाड़ी पर पलट गया, जिससे 75 वर्षीय विशाखा त्रिपाठी की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बहनें श्यामा त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। प्रसिद्ध प्रेम मंदिर और कीर्ति मंदिर के संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज के सन् 2013 में देहावसान के बाद वसीयत के अनुसार उनकी बड़ी पुत्री विशाखा त्रिपाठी को जगद्गुरु कृपालु परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उनके निर्देशन में वृंदावन और मनगढ़ में संचालित धर्मार्थ कार्यों की देखरेख चल रही थी। विशाखा त्रिपाठी महाराज श्री के साथ लंबे समय से विभिन्न सेवा प्रकल्पों से जुड़ी हुई थीं। खास तौर पर बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही थीं। उन्हें कई बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया है। कोतवाल रवि त्यागी ने बताया कि शाम को चार बजे शव वृंदावन लाया जाएगा। सोमवार को मोक्षधाम वृंदावन में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



## विवाह समारोह में हुई हर्ष फायरिंग, गोली लगने से नौ साल के बच्चे मौत

**रुड़की, 24 नवंबर (एजेंसी)।** रुड़की में शनिवार की रात शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान किसी ने हर्ष फयरिंग कर दी। हर्ष फायरिंग के दौरान गोली नौ वर्ष के बच्चे को जा लगी। जिससे मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, शादी की खुशियां मातम में बदल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार, खानपुर थाना क्षेत्र के लालचंदवाला गांव में मुस्लिम समाज के एक परिवार में एक शादी समारोह चल रहा था। देर रात किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी। एक गोली नौ वर्ष के रियान पुत्र वसीम को लग गई।

# अब ईवीएम से भी होने लगी बेईमानीः मायावती

**लखनऊ 24 नवंबर (वार्ता)** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में ईवीएम के जरिए फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में उपचुनाव नहीं लड़ेगी। सुश्री मायावती ने रविवार को यहां कहा कि पहले बैलट पेपर के जरिए फर्जी मतदान की सूचनाओं मिलती थी जबकि अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए भी फर्जी मतदान होने लगा है इसलिए उनकी पार्टी ने फैसला लिया है कि भविष्य में किसी भी उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में पूरी ताकत से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। उपचुनाव न लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उपचुनाव में सरकारी मशीनरी पूरी तरह से सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में होती है जबकि आम चुनाव में ऐसा नहीं है क्योंकि सरकारी मशीनरी को लगता है कि यदि विपक्षी दल सत्ता में आएगा तो उनके



लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है इसलिए आम चुनाव में सरकारी मशीनरी बेईमानी के पक्ष में ज्यादातर खड़ी नहीं होती। सुश्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो दलित और वंचित समाज के पक्ष में हमेशा खड़ी रहती है। 2007 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद कांग्रेस और भाजपा जैसी जातिवादी पार्टियों को लगा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो केंद्र में भी अपनी सरकार बना सकती है, इसलिए उन्होंने कई स्वार्थी राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों को खड़ा कर दिया और अब दलितों के रहनुमा का ढोंग करने वाले उनके नेता कई-कई गाड़ियों के काफिले में चुनाव प्रचार पर जाते दिखाई देते हैं मगर सर्व समाज को समझना होगा कि बसपा ही उसकी अकेली शुभचिंतक है इसलिए ऐसी पार्टियों को दरकिनार कर बसपा के पक्ष में ही मतदान करना होगा ताकि जातिवादी पार्टियों को करारा जवाब मिल सके।

# गंभीर श्रेणी से निकलकर बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा, अगले तीन दिन रहेंगे राजधानी में भारी

**नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसी)।** राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से रविवार को वायु गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर श्रेणी से निकलकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। इससे लोगों को प्रदूषण से मामूली राहत मिली है। हालांकि, अब भी लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन महसूस हो रही है। गुनगुनी धूप निकलने से धूल और धुएं की मोटी परत टूट गई। इस दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया। इसमें शनिवार की तुलना में 94 सूचकांक की गिरावट रही। यह 22 दिन के बाद एक्यूआई इतने नीचे रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 2 नवंबर को एक्यूआई 316 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक सोमवार से अगले तीन दिनों तक कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार ही बनी रहेगी। रात के समय कुहासा छाया रहेगा। साथ ही, आसमान में स्मॉग छाया रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) मिक्सिंग डेप्थ 1800 मीटर रही। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 11000 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 9500 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 18.155 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.651 फीसदी रही।

# लम्बे जाम ने वाहन चालकों को बुलवाई तौबा

## लुहसाना व चंधेडी रोड पर रोज लगता है जाम

**बुढ़ाना, 24 नवम्बर (बु.)।** रविवार को लगभग पूरे दिन बुढ़ाना कस्बा जाम की चपेट में रहा। जाम में फंसे हुए काफी वाहन चालक बुढ़ाना आने से तौबा करते नजर आए। सबसे ज्यादा जाम लुहसाना, कांधला और चंधेडी रोड पर नजर आया। यहां जाम में फंसे सैंकड़ों वाहन चालक घंटों तक बहुत ही परेशान देखे गये। उनके जरुरी काम भी छूट गये। ट्रेफिक पुलिस नदारद रही और एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में बेतरतीब चल रहे वाहनों की वजह से बार-बार जाम लगता रहा। लुहसाना रोड पर खम्भे की वजह से रोजाना जाम लगता है और रही सही कसर ई-रिक्शा पूरी कर देते हैं। गन्ने से भरे हुए ओवरलोडिंग वाहन भी पूरे दिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, तो जाम में और भी इजाफा हो जाता है। कांधला रोड पर जाम लगने का कारण ई-रिक्शा और ओवरलोडिंग वाहन हैं। रही सही कसर दुकानदार पूरी कर देते हैं, जो दुकानों के बाहर रोड कब्जा कर अपना सामान रख देते हैं। चंधेडी रोड के भी यही हालात हैं। दोनों तरफ के दुकानदार नाले पर स्लेब डालकर रोड तक दुकानों का सामान रखते हैं। अवैध ई-रिक्शा अड्डे का संचालन भी रही सही कसर पूरी कर देता है। फिर तो यहां जाम लगना ही लगना है। बीते कल बुढ़ाना नगर पंचायत के ईओ ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेताया था, लेकिन स्थित ज्यों की त्यों रहने से जाम लगने जैसी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिस कारण से बुढ़ाना जाम की चपेट में रहता है। यहां के सभासद गुलफाम खान से बात की गई तो उन्होंने स्वीकारा कि चंधेडी रोड पर जाम लगना अब आम बात हो गयी है।



## मोहन भागवत ने भारतीय संस्कृति के उत्थान पर दिया जोर, बोले- हमें भारत के गौरव को फिर से पेश करना होगा

**हैदराबाद, 24 नवंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीय संस्कृति के उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के भूले हुए गौरव को फिर से पेश किया जाना चाहिए। हैदराबाद में लोकमंथन 2024 में मोहन भागवत ने देश के विज्ञान के महत्व पर बात की। इस दौरान उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग में नैतिकता पर जोर देने वाले वैज्ञानिकों का भी उदाहरण दिया। मोहन भागवत ने कहा कि भारत की मूल्य प्रणाली व्यक्ति की बुद्धिमता पर जोर देती है। मुद्दों के प्रति भारत के दृष्टिकोण में तर्क और बुद्धि है। ऐसे में देश को समस्याओं के लिए अन्य दृष्टिकोणों का पालन करने की जरूरत नहीं है। भारत विदेशों से अच्छी चीजें ले सकता है लेकिन इसकी अपनी आत्मा और संरचना होनी चाहिए। भागवत ने कहा कि हमें सनातन धर्म और संस्कृति को समकालीन रूप देने के बारे में सोचना होगा। इसके लिए हमें भारत के भूले हुए गौरव को फिर से पेश करना होगा। भागवत ने कहा कि विविधता में भी एकता का समावेश है।

# ढाई साल के नकुल ने पहुंचाया मां को जेल

## प्रेमी संग रहने के लिए सोनम ने किया दो बच्चों का कत्ल, बेटे ने ऐसा खोला राज

**ग्रेटर नोएडा, 24 नवंबर (एजेंसी)।** खेड़ा धर्मपुरा गांव के पास वायु एनक्लेव कॉलोनी में साढ़े तीन साल पहले दूसरी शादी करने के बाद बच्चों के साथ महिला रह रही थी। महिला ने अपने दो बच्चों का गला दबाकर हत्या कर दी था। दोनों बच्चों की हत्या का राज तीसरे बच्चे नकुल ने अपने दादा से उंगली का इशारा कर खुलवाया। जबकि दादा को महिला ने रोका था लेकिन वह बच्चों के बारे में पूछने लगा। महिला ने रो-रोकर बच्चों की हत्या का राज उगल दिया। अब ढाई वर्षीय नकुल का बार-बार मां पुकार कर रो-रो कर बुरा हाल है। जिसे दादा व उसका ताऊ बार-बार चुप कर रहे हैं। बता दें कि मूल रूप से मेरठ के परतापुर की रहने वाली सोनम ने करीब सात साल पहले साहिल के साथ प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह करने के बाद बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुरा गांव में सोनम व साहिल रहने लगे। सोनम व साहिल के समीप दूसरे कमरे में मूल रूप से मुजफ्फरनगर के भोरा कला गांव निवासी सोनू भी रहता था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। साहिल अक्सर सोनम के साथ मारपीट करता था। बच्चे भूखे रहने पर सोनू खाने के लिए कुछ ना कुछ दे देता। जिससे सोनम व उसके दोनों बच्चों का लगाव सोनू के साथ होने लगा। साहिल द्वारा सोनम के साथ मारपीट करने को लेकर मकान मालिक ने कमरा खाली कर दिया था। करीब 4 साल पहले साहिल एक मामले में जेल चला गया। उसके बाद सोनू व सोनम का मिलना जुलना शुरू हो गया। सोनम सोनू के साथ रहने लगी। सोनू से एक बच्चा पैदा हुआ। उसका नाम नकुल रखा गया। नकुल की उम्र करीब ढाई वर्ष है। साहिल की जेल से जमानत पर छूटने के बाद सोनम से संपर्क के लिए फोन किया। जिससे सोनम डर गई। उन्होंने दोनों बच्चों की हत्या कर स्वयं भी आत्महत्या करने की ठान ली। जबकि सोनू का भाई राजू व पिता राजवीर भी खेड़ा धर्मपुरा गांव के डिफेंस एनक्लेव कॉलोनी में रहते हैं। सोनू का पिता राजवीर हफ्ते में एक दो बार घर सोनम के पास हाल-चाल के लिए चला जाता है।

## गौतम अदाणी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसी)।** भारत के मशहूर उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका की ओर से आरोप लगाए जाने के बाद भारत में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामले की जांच मांग की गई है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद में शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के मामले में एक अंतरिम आवेदन के रूप में याचिका दायर की है। तिवारी ने कह कि कि अदाणी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और भारतीय अधिकारियों द्वारा उनकी जांच की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि सेबी को जांच पूरी करके रिपोर्ट और निष्कर्ष को रिकॉर्ड पर रखकर भरोसा जगाना चाहिए। चूंकि सेबी की जांच में शॉर्ट सेलिंग के आरोप थे। इसका विदेशी अधिकारियों द्वारा लगाए गए मौजूदा आरोपों का संबंध हो सकता है।सेबी की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए। अमेरिकी न्याय विभाग ने न्यूयॉर्क की अदालत में दावा किया कि दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी और अन्य साथियों ने अपने फायदे के लिए निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए साजिश रची।

# घर जा रहे ग्रामीण को दर्जनों युवकों ने पीटकर किया घायल

**बुढ़ाना, 24 नवम्बर (बु.)।** अपने घर से बड़े भाई के घर पर किसी काम से जा रहे एक युवक को बीती देर रात दर्जनों युवकों ने घेरकर पकड़ लिया और अकारण ही लात-घूंसों से पिटाई की और फरार हो गये। शिकायत होने पर बुढ़ाना पुलिस ने भागदौड़ कर मुख्य आरोपी को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी। उस्मान शेख पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी गांव बीती शनिवार की देर रात पैदल ही अपने घर से मौहल्ले में ही स्थित अपने बड़े भाई के घर पर जा रहा था। जब वह ओल्ड भारद्वाज हॉस्पिटल के पास आया तो दर्जनों युवकों ने उसको घेर लिया और अकारण ही, नाम पूछते हुए उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी और फरार हो गये। शोर-शराबा होने पर मौके पर आए मौहल्ले के लोगों ने घटना की सूचना उस्मान के परिजनों को दी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। बुढ़ाना पुलिस ने घायल उस्मान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराते हुए मुख्य आरोपी साखा अहमद को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हिरासत में लेकर उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। बीते 8 नवम्बर को भी कुछ युवकों ने नंगला निवासी शादाब राणा की अकारण ही पिटाई की थी। इन युवकों ने अलग-अलग गैंग बनाए हुए हैं और इस तरह की घटना को अंजाम देकर कस्बे का माहौल खराब कर रहे हैं। आरोपी पकड़े जाते हैं तो वो पुलिस को साथियों के नाम भी बताना नहीं चाहते और खुद जेल जाने को तैयार रहते हैं।



# जाली नियुक्ति पत्र बनाकर नौकरी का झांसा दिया, खुद को बताता था आईएएस अधिकारी

**अहमदाबाद, 24 नवंबर (एजेंसी)।** खुद को आईएएस अधिकारी बताकर लोगों को ठगने वाले एक युवक को गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने खुद को वरिष्ठ सरकारी अधिकारी बताकर नौकरी दिलाने और अन्य काम कराने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये ऐंठे। पीड़ितों ने पुलिस ने गुहार लगाई तो पूरा सच सामने आया। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के पुलिस इंस्पेक्टर जेके मकवाना ने बताया कि कार किराये पर देने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि आरोपी मेहुल शाह ने उससे कार किराये पर लेने के लिए संपर्क किया था। उसने खुद को राजस्व विभाग का निदेशक और कब्जर अधिकारी बताया। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता से कार में सायरन और पर्दे लगवाए और गृह मंत्रालय, विज्ञान और अनुसंधान विभाग का फर्जी पत्र दिया। पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय आरोपी इंजीनियर मेहुल शाह मोरबी के वंकानेर में दो विद्यालयों का प्रबंधन करता है। उसने फर्जी दस्तावेजों और झूठे वादे करके लोगों को ठगा। एक शिकायतकर्ता के बेटे को उसने



सरकारी कार्यालय में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उसने अहमदाबाद जिला शिक्षा अधिकारी का जाली नियुक्ति पत्र तैयार किया। जब युवक नौकरी के लिए पहुंचा तो हकीकत जानकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आरोपी ने युवक ने शिकायतकर्ता से नौकरी लगवाने के एवज में लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने कहा कि आरोपी ठगी के लिए फर्जी वर्क परमिट और एनओसी बनाए थे। उसने शिकायतकताओं को धोखा देने के लिए गृह मंत्रालय और अहमदाबाद डीईओ के फर्जी पत्र बनाए थे। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी पहचान पत्र और पत्र बरामद किए हैं। इन पर भारत गौरव रत्नश्री सम्मान परिषद, विज्ञान एवं अनुसंधान विकास विभाग के अध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और सड़क एवं भवन विभाग जैसे शीर्षक लिखे हैं। इंस्पेक्टर मकवाना ने बताया कि तीन पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। हमने लोगों से अपील की है कि अगर उनको भी शाह से धोखा दिया है तो सामने आकर शिकायत दर्ज कराएं।

# ऋषभ पंत बने सबसे आईपीएल के महंगे खिलाड़ी

**जेद्दाह, 24 नवंबर (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी की बंपर शुरूआत हुई है। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ में खरीदा। उन्होंने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ा। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हम यहां आपको आईपीएल 2025 और नीलामी इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों के विषय में बताएंगे। आईपीएल 2024 के लिए पिछले साल हुई मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के विश्व विजेता कप्तान पैट कमिंस और स्टार्क पर जमकर पैसों की बारिश हुई थी और दोनों ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके बाद करीब दो घंटे बाद ऑस्ट्रेलिया के ही तूफानी गेंदबाज मिचेल स्टार्क नीलामी टेबल पर आए और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। आईपीएल नीलामी इतिहास में पहली बार 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हुआ था और वह भी एक साथ दो खिलाड़ियों पर। नीलामी से पहले हाल ही में सभी टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट जारी की थी। इस बार नीलामी में श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह, जोस बटलर और मिचेल स्टार्क जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की भी बोली लगी जिन्हें उनकी टीमों ने रिटेन नहीं करने का फैसला किया था।

**आईपीएल 2025 के पांच सबसे महंगे खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | कितने में खरीदा | टीम |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | 27.00 करोड़ | लखनऊ सुपरजायंट्स |
| श्रेयस अय्यर | 26.75 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| अर्शदीप सिंह | 18.00 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| युजवेंद्र चहल | 18.00 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| जोस बटलर | 15.75 करोड़ | गुजरात टाइटंस |

